**अभियान** | प्रभारी मंत्री ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का किया शुभारंभ

# महिलाओं को मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा : अहिरवार



**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह अभियान लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा।

प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडिटोरियम हॉल में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बच्चों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें जागरूक करना है।

### स्वस्थ नारी ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला : विधायक

विधायक बिसाहूलाल सिंह ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की नींव है। इसी सोच को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं। अभियान के अंतर्गत महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच, एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार और मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### जिले में होंगे विविध कार्यक्रम : कलेक्टर

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि 2 अक्टूबर तक जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता पखवाड़ा, दिव्यांग शिविर, एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और समाजसेवी संगठनों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

### पीएम का लाइव प्रसारण भी देखा गया

कार्यक्रम के दौरान धार जिले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन कर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. वर्मा और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनोद परस्ते ने अभियान के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

### पोषण प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रभारी मंत्री ने पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी गुणवत्ता व प्रस्तुति की प्रशंसा की। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्रभारी मंत्री को पोषण युक्त व्यंजनों की तैयारी प्रक्रिया, सामग्री की गुणवत्ता और स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



## ढाबे में जुआ फड़ पर दबिश, 8 गिरफ्तार

▶ पुलिस ने 67 हजार रुपये नगद, कार, वैन और 8 मोबाइल किए जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन पर अनूपपुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए हाईवे किनारे संचालित जुआ फड़ पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 67 हजार 805 रूपये नगद, एक कार, एक मारुति वैन एवं 8 मोबाइल फोन जब्त किए।

जानकारी के अनुसार अनूपपुर-शहडोल हाईवे पर स्थित देहली दरबार फैमिली ढाबा में कुछ लोग ताश के पत्तों से पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जानकारी के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेटा के मार्गदर्शन में कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन और यातायात प्रभारी विनोद दुबे के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम बनाई गई।

### जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने देर रात ढाबे की घेराबंदी कर दबिश दी, जहां 8 जुआरी जुआ खेलते पकड़े गए। पकड़े गए जुआरियों में राजेश चौहान, दीपक कोरी, अरबाज खान, जितेन्द्र गुप्ता, अमित सिंह, संतोष कुमार राठौर, राधे पटेल एवं राजेश पटेल को पकड़ते हुए उनके कब्जे से 67 हजार 805 रूपए नगद, एक कार, एक मारुति वैन और मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।



## बिजुरी रेलवे स्टेशन पर बंदरों का आतंक

▶ अब तक 40 लोगों को कर चुके हैं घायल

**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** बिजुरी रेलवे स्टेशन पर बीते 15 दिनों से दो लाल मुँह के बंदरों ने आतंक मचा रखा है। इन बंदरों ने अब तक लगभग 30 से 40 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। पीड़ितों में 9 लोको पायलट, रेलवे प्लेटफार्म पर मौजूद यात्री और ट्रेन के कोच में सफर कर रहे यात्री शामिल हैं। बंदरों के हमले से रेल कर्मचारियों और यात्रियों में दहशत का माहौल है। लोको पायलट नीरज कुमार ने मामले में शिकायत करते हुए बताया कि बंदर इंजन में चढ़कर कई रेलकर्मियों को काट चुके हैं। वहीं प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनों में घुसकर दो यात्रियों को भी घायल किया गया। मामले में मुख्य क्रू नियंत्रक बिजुरी ने वन विभाग से कार्यवाही की मांग की, लेकिन विभाग ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि लाल मुंह वाले बंदर वन्य जीव की श्रेणी में नहीं आते।

### नगर निगम ने कहा- संसाधनों की कमी है

नगर निगम ने ट्रेंड स्टाफ और संसाधनों की कमी का हवाला देकर हाथ खड़े कर दिए। रेल कर्मियों ने सीएमओ और स्थानीय विधायक से भी मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रेल कर्मचारियों ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## पेंशनर संवाद पत्रिका का तृतीय अंक विमोचित



**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा पेंशनरों के हित में प्रकाशित मासिक पत्रिका पेंशनर संवाद का तृतीय अंक 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर अनूपपुर में विमोचित किया गया। यह अंक स्वाधीनता दिवस एवं स्थापना दिवस संयुक्त विशेषांक के रूप में प्रकाशित हुआ। पत्रिका का संपादन प्रधान संपादक राजकुमार दुबे, प्रांताध्यक्ष एवं विद्वान शिक्षाविद डॉ. परमानंद तिवारी (संपादक) तथा सह संपादक नीलेश गौतम द्वारा किया गया है। विमोचन कार्यक्रम में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डी.एस. राव, कार्यकारी अध्यक्ष बैजनाथ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पंचम सिंह धुर्वे, कोषाध्यक्ष बाबूलाल पाठक, संभागीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव डॉ. जे.के. तिवारी, डॉ. परमानंद तिवारी, दाऊ राम पांडे, रामनिवास शर्मा, अजय पाठक, राजेंद्र शुक्ला, विद्याधर पांडे तथा सह संपादक नीलेश गौतम सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### जिले के पेंशनरों के लिए गौरव की बात : राव

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डीएस राव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अनूपपुर जैसे आदिवासी बहुल नर्मदांचल क्षेत्र में पत्रिका का विमोचन होना जिले के पेंशनरों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने डॉ. परमानंद तिवारी, श्री नीलेश गौतम एवं समस्त सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री का जन्म दिवस जनसेवा को समर्पित

▶ बिजुरी नगर पालिका में सेवा पखवाड़े की शुरुआत



**बिजुरी, नवभारत 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका बिजुरी एवं भाजपा मंडल की ओर से सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सुबह से ही भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और नगरपालिका कर्मचारियों ने सेवा कार्यों में भाग लेकर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस जनसेवा को समर्पित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड नं. 10 स्थित दुर्गा मंदिर के तालाब से हुई। यहां सीएमओ पवन साहू, नगरपालिका कर्मचारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। झाड़ू लगाकर और कचरा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया गया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### एक पेड़ मां के नाम लगाना मातृ सम्मान का प्रतीक

भाजपा नेताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाना न केवल प्रकृति संरक्षण का संदेश है बल्कि मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाना ही उनका सच्चा सम्मान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र शर्मा रिंकू ने की।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका दीपक शर्मा, कैलाश कोल, संतोषी सिंह, अनूप तिवारी, अजित सिसोदिया, राजकुमार पांडेय, राहुल पनिका, पुरुषोत्तम देवानी, रुक्मणि चक्रवर्ती, रमाकांत सिंह, तरुण नेंड सिंह, सतेंद्र सोनी, आशीष सरकार, राजेश रजक, नपा कर्मचारी धनन्य पटेल, शकील मंसूरी, सौरभ शुक्ला, कामता सेन, मुकेश कलशा, देव सिंह मरकाम आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत 80 यूनिट रक्तदान

▶ प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत जिले में भव्य रूप से की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अनूपपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अब तक 80 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। जिले के सभी मंडलों में भी स्वच्छता अभियान से लेकर सेवा कार्यों तक कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल और भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने रक्तदान शिविर स्थल पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### 2 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने जानकारी दी कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस दौरान जिले में सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पौधा रोपण और सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता समाज को संगठित कर लगातार सेवा कार्यों से जुड़े रहते हैं।

## स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

▶ प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता एवं फल वितरण कार्यक्रम आयोजित



**कोतमा नवभारत 17 सितंबर।** बुधवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मंडल कोतमा में विविध सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान एवं फल वितरण कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोतमा एवं मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। शहर के प्रमुख स्थलों पर सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाड़ू लेकर न केवल सफाई की, बल्कि आसपास के लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

### समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास

इसके पश्चात स्थानीय अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में मरीजों और जरूरतमंद लोगों के बीच फल वितरण किया गया। फल वितरण के दौरान मरीजों एवं परिजनों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्रहित को समर्पित है। उनके जन्मदिवस पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अवधेश प्रसाद ताम्रकार, हनुमान गर्ग, पुष्पेंद्र जैन, विजय पांडे, रत्नेश उपाध्याय, सीमा व्योहार, तृप्ति सिंह, गुड़िया सोनी, धर्मेंद्र वर्मा, रज्जन शुक्ला, प्रदीप सोनी, अभिषेक सराफ, मुनेश्वर पांडे, दीपक चंदेरिया, दीपेश जैन, नीरेंद्र जैन, अमरीश जायसवाल, बिहारी लाल साहू एवं जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## पुलिस नहीं कर रही लॉज व होटलों की जांच

▶ होटल संचालक रुकने वालों की जानकारी थाने में नहीं दे रहे

**कोतमा नवभारत 17 सितंबर।** कोतमा थाना अंतर्गत कुछ होटल एवं लॉज में सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था बनाई गई है बाहर होटल के बोर्ड लगे हुए हैं, मैनेजर बैठा हुआ है, रजिस्टर रखा हुआ है, यात्री आ रहे हैं, जा रहे हैं, रुक रहे हैं, लेकिन उनकी समुचित जानकारी नजदीकी थाना में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिसका खामियाजा आने वाले समय में किसी बड़े अपराध के तौर पर सामने आ सकता है। सभी होटल संचालकों की मुख्य जिम्मेदारी होती है कि लॉज के रजिस्टर में आने जाने वाले यात्रियों की संपूर्ण जानकारी रखें एवं उसे समय-समय पर नजदीकी थाने में भी उपलब्ध कराए। नजदीकी थाने की भी एक जिम्मेदारी होती है कि समय-समय पर ऐसे होटल और लॉज में जाकर जांच की जाए। यात्रियों के कोतमा आने का उद्देश्य रजिस्टर में दर्शाया जाता है, जिसमें यात्री की पहचान महत्वपूर्ण होती है। आने का समय और जाने का समय दोनों को रजिस्टर में उल्लेखित किया जाता है।

### अविवाहित जोड़े दो-तीन घंटे के लिए बुक कर रहे होटल के कमरे

पिछले कुछ दिनों से यह देखने को मिल रहा है कि कुछ होटल में नाबालिक बच्चे, अविवाहित जोड़े दो-तीन घंटे के लिए भी किराए से होटल ले रहे हैं। ऐसी स्थितियों में जब आसानी से होटल उपलब्ध होते हैं तब इसके परिणाम आने वाले समय में अलग-अलग अपराधों के रूप में सामने आते हैं। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को समय-समय पर होटल और लॉज की जांच कर रुकने वाले यात्रियों का डाटा एकत्रित करने की आवश्यकता है।

## 350 दिन लगातार विद्युत उत्पादन का रिकॉर्ड

▶ अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट 5 का शानदार प्रदर्शन



**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 210 मेगावाट क्षमता वाली इस यूनिट ने लगातार 350 दिन तक निर्बाध विद्युत उत्पादन कर प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी यूनिट ने इतना लंबा सतत संचालन किया हो।

इस यूनिट ने 1 अक्टूबर 2024 से लगातार उत्पादन शुरू किया था और अब यह सिलसिला 350 दिन पार कर चुका है। यदि आगामी 15 दिनों तक यूनिट बिना बाधा संचालित होती रही तो यह 365 दिन यानी एक वर्ष का रिकॉर्ड भी कायम करेगी। इससे पूर्व भी, यह यूनिट 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन तक सतत् उत्पादन कर चुकी है। 350 दिन के इस निरंतर संचालन के दौरान यूनिट ने कई तकनीकी पैमानों पर भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कीं जिसमें प्लांट उपलब्धता फैक्टर 98.71 प्रतिशत, प्लांट लोड फैक्टर 95.97 प्रतिशत, ऑक्जलरी कंजम्पशन 9.18 प्रतिशत रहा है।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई तथा मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के अभियंताओं और कार्मिकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने इसे समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से लक्ष्य हासिल करने का सर्वोत्तम उदाहरण बताया।

**मनाई विश्वकर्मा जयंती** | ▶ औद्योगिक संस्थानों, मोटर गैरेज और रेलवे कार्यालयों में पूजे गये देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा

## मूर्ति स्थापित कर कार्यक्षेत्र में उन्नति व तरक्की की कामना की



**अनूपपुर, नवभारत 17 सितंबर।** श्रमिकों और कारीगरों के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जयंती बुधवार को जिलेभर में श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। औद्योगिक संस्थानों, मोटर गैरेज, छापाखानों, फर्नीचर प्रतिष्ठानों, चक्कियों, रेलवे कार्यालयों से लेकर सरकारी विभागों तक में मूर्तियां और छायाचित्र स्थापित कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने यंत्रों, मशीनों और उपकरणों की विधिवत पूजा कर कार्यक्षेत्र में उन्नति और तरक्की की कामना की।

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अभियंता सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। पावर हाउस आमजन के लिए खोला गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण और ऊर्जा नगरी के लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने के साथ प्लांट का भ्रमण भी किए।

### कालरी और कोयलांचल क्षेत्र में रही धूम

राजनगर सब स्टेशन, वर्कशॉप, खदानों, ओपनकास्ट, सीएचपी और बस स्टैंड स्थित गैराजों में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। आमाडांड़, जमुना-कोतमा और बिजुरी क्षेत्र की कालरियों में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजन हुआ।

### जैतहरी में हिंदुस्तान पावर परिसर में हुआ आयोजन

जैतहरी स्थित हिंदुस्तान पावर परिसर में कामगारों और अधिकारियों ने परिवार सहित पारंपरिक श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मशीनों, कलपुर्जों और वाहनों की पूजा की गई तथा परियोजना के निर्बाध और सुरक्षित परिचालन के लिए आशीर्वाद लिया गया। पूजा के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### शासकीय कार्यालयों में भी हुआ पूजन

नगर के पीएचई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन और विद्युत विभाग सहित कई शासकीय कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की गई। इसी तरह पसान नगरपालिका कार्यालय में भी विशेष आयोजन हुआ, जहां भजनों और भंडारे के बीच नगर पालिका के समस्त वाहनों की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को आदि शिल्पी, प्रथम अभियंता और वास्तु देव माना जाता है।